अमर उजाला
7 राज्य • 1 केंद्रशासित प्रदेश • 19 संस्करण । उत्तर प्रदेश : उत्तराखंड : हिमाचल : जम्मू-कश्मीर : दिल्ली : हरियाणा : पंजाब : चंडीगढ़
amarujala.com
बरेली
रविवार, 30 अप्रैल 2017

विश्व टीकाकरण सप्ताह मनाया

बरेली। विश्व स्वास्थ्य संगठन की ओर से 24 से 30 अप्रैल तक टीकाकरण सप्ताह मनाया जाता है। इस संबंध में एसआरएमएस में भी कार्यक्रम आयोजित किये गए। यहां 24 अप्रैल को पीजी व स्नातक छात्रों के लिए व्याख्यान हुआ और तमाम ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा हुई। 25 व 26 अप्रैल को एमबीबीएस छात्रों ने पोस्टर व स्लोगन के माध्यम से टीकाकरण पर क्विज प्रतियोगिता में भाग लिया। डॉ. सैय्यद मोहम्मद अकरम, संध्या यादव, डॉ. सुमित श्रीवास्तव, रिचा, अमिता सिंह, सुभि अग्रवाल विजेता रहे। 27 को सवाल जवाब कार्यक्रम हुआ डीआईओ डॉ. मनोज शुक्ला, बाल रोग विशेष ने उत्तर दिये। 28 को इंटर कॉलेज में क्विज हुआ। डॉ. सत्येंद्र यादव, अदिति गुप्ता, अलका कटियार, आभा विजय रहे। 29 को जागरूकता अभियान धौराटांडा में होगा। डॉ. पीएल प्रसाद, डॉ. प्रीति लता राय का सहयोग रहा।